उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या– : 62/सूचना/12/कम्प्यू0–अनु0–12/02–परीक्षा/2018–खण्ड–1
लखनऊ : दिनांक : 25 दिसम्बर, 2018

सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या–02 परीक्षा 2018 द्वारा सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2018 के अन्तर्गत विज्ञापित पदों पर चयन हेतु 572 परीक्षा केन्द्रों पर लिखित परीक्षा दिनांक 22.12.2018 एवं दिनांक 23.12.2018 को दो–दो पालियों में आयोजित की गयी है।

दिनांक 22.12.2018 को आयोजित उक्त परीक्षा की प्रथम पाली के प्रश्नप्रत्रों की आठों सीरीज **FA, FB, FC, FD, FE, FF, FG, FH** की प्रश्न पुस्तिकाएं एवं उनसे सम्बन्धित औपबंधिक उत्तर कुंजी तथा द्वितीय पाली के प्रश्नपत्र की आठों सीरीज **BA, BB, BC, BD, BE, BF, BG, BH** की प्रश्न पुस्तिकाएं एवं उनसे सम्बन्धित औपबंधिक उत्तर कुंजी तथा दिनांक 23.12.2018 को आयोजित उक्त परीक्षा की प्रथम पाली के प्रश्नप्रत्रों की आठों सीरीज **AA, AB, AC, AD, AE, AF, AG, AH** की प्रश्न पुस्तिकाएं एवं उनसे सम्बन्धित औपबंधिक उत्तर कुंजी तथा द्वितीय पाली के प्रश्न पत्रों की आठों सीरीज **EA, EB, EC, ED, EE, EF, EG, EH** की प्रश्न पुस्तिकाएं एवं उनसे सम्बन्धित औपबंधिक उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर दिए गये लिंक पर दिनांक 31.12.2018 तक दृष्टव्य है।

उक्त परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग की वेबसाइट पर दिए गये लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा जन्म तिथि भरकर लॉगिन (Login) करें तथा औपबंधिक उत्तर कुंजी पर यदि कोई आपत्ति हो तो Objection Tab पर जाकर अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्य सहित ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी पर आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 31.12.2018 के बाद यह लिंक स्वतः हट जाएगा एवं आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।